Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَيَوْمَ نَحْشُرُهُمْ جَمِيْعًا ثُمَّ نَقُوْلُ لِلَّذِيْنَ اَشْرَكُوْٓا اَيْنَ شُرَكَآؤُكُمُ الَّذِيْنَ كُنْتُمْ تَزْعُمُوْنَ

(अल् ईनाम :23)

अनुवाद : और (याद करो) जिस दिन हम इन सबको इकट्ठा करेंगे फिर हम उन्हें, जिन्होंने शिर्क किया, पूछेंगे कि तुम्हारे वे शरीक कहाँ हैं जिन्हें तुम (शरीक) ठहराया करते थे।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 7
अंक- 7

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

15 रजब 1443 हिज्री कमरी, 17 तब्लीग़ 1401 हिज्री शम्सी, 17 फ़रवरी 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

मदीना हरम (पवित्र) है

(1867) हज़रत अंस रज़ियल्लाहु अन्हो से मर्वी है कि उन्होंने नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से रिवायत की। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया: मदीना हर्म (पवित्र) है। यहां से लेकर वहां तक उसका दरख़्त न काटा जाए और न इस में कोई बिद्दत की जाए। जिसने इस में कोई बिद्दत की, उस पर अल्लाह तआला और फ़रिश्तों और सब लोगों की लानत हो।

(1868) हज़रत अंस रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मदीना में आए और मस्जिद बनाने का हुक्म दिया और फ़रमाया : बनी नज्जार! मुझसे (उस जगह की क़ीमत) ठहरा लो। तो उन्होंने कहा : हम उसकी क़ीमत नहीं लेंगे परन्तु अल्लाह तआला से । तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुशरिकों की क़ब्रों के सम्बन्ध में फ़रमाया और वे खोद कर हड्डियां इत्यादि निकाली गईं फिर खन्डरात की निसबत फ़रमाया जो बराबर किए गए और खजूर के दरख़्तों से सम्बंधित फ़रमाया जो काटे गए और मस्जिद के आख़िरी हद में इन ख़जूरों के तने तर्तीब से रख लिए गए।

(बुख़ारी, भाग 3 किताब फ़ज़ायल अल् मदीना, मुद्रित 2008 ई.)

जब आदमी لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ कहता है तो सब उसकी नज़रों में तुच्छ हो जाते हैं और वह बहादुरी के साथ काम करता है

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेश

फ़रमाया : "यह जो रात-दिन मुस्लमानों को कलमा तय्यबा कहने के वास्ते ताईद और ताकीद है। इसकी वजह यही है कि बग़ैर इसके कोई बहादुरी पैदा नहींहो सकती। जब आदमी لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ कहता है तो समस्त इन्सानों और चीज़ों और हाकिमों और अफ़्सिरों और दुश्मनों और दोस्तों की क़ुव्वत और ताक़त तुच्छ हो कर इन्सान केवल अल्लाह को देखता है और उसके अतिरिक्त सब उसकी नज़रों में तुच्छ हो जाते हैं। अतः वह शुजाअत और बहादुरी के साथ काम करता है और कोई डराने वाला उसको डरा नहीं सकता।"

फ़िरासत (दूरदर्शिता)

फ़रमाया "फ़िरासत भी एक चीज़ है। जैसा कि उस यहूदी ने देखते ही हज़रत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कह दिया कि मैं उनमें नबुव्वत के निशान पाता हूँ और ऐसा ही मुबाहला के वक़्त ईसाई हज़रत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुक़ाबिल पर न आए, क्योंकि उनके मुशीर ने उनको कह दिया था कि मैं ऐसे मुँह देखता हूँ कि अगर वे कहें पहाड़ से कहेंगे कि यहां से टल जा, तो वो टल जाएगा।"

फ़रमाया : "अगर किसी के बातिन में कोई हिस्सा रूहानियत का है, तो वह मुझको क़बूल कर लेगा

किताब तालीम लिखने की ख़्वाहिश

फ़रमाया : "मैं चाहता हूँ कि एक किताब तालीम की लिखूँ और मौलवी मुहम्मद अली साहिब उसका अनुवाद करें। इस किताब के तीन हिस्से होंगे : एक यह कि अल्लाह तआला के हुज़ूर में हमारे क्या कर्तव्य हैं और दूसरा यह कि अपने नफ़्स के क्या-क्या हुक़ूक़ हम पर हैं और तीसरा यह कि मानव जाति के हम पर क्या क्या हुक़ूक़ हैं।"

औलिया की किरामात

फ़रमाया "ज़माना-ए-नबुव्वत तो نُوْرٌ عَلٰی نُوْرٍ था और एक सूर्य था लेकिन इस के बाद के औलिया के जो ख़्वारिक़ और किरामात बतलाए जाते हैं वे अपने साथ इन्किशाफ़ात नहीं रखते और उनकी तारीख़ का सही पता नहीं लग सकता, इसलिए शेख़ अब्दुल क़ादिर जिलानी रज़ियल्लाहु अन्हु के किरामात उनके दो सौ साल बाद लिखे गए और अतिरिक्त उसके उन लोगों को यह अवसर दुश्मन के समक्ष नहीं मिला और न उनको ऐसा उपद्रव पेश आया जैसा कि हमको।" (मलफ़ूज़ात, भाग प्रथम, सफ़ा 354 मुद्रित 2018 क़ादियान)

जिनको तुम पूजते हो वे सब फ़ौत हो चुके हैं फिर वे हादी किस तरह हो सकते हैं ख़ालिक़ होने के अतिरिक्त हिदायत देने वाले वजूद के लिए ज़िंदा होना भी ज़रूरी है ताकि जब कोई ख़राबी हो वह उसकी इस्लाह कर सके

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो सूरः नहल आयत 2, 22

وَالَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَا يَخْلُقُوْنَ شَيْـًٔا وَّهُمْ يُخْلَقُوْنَ ○ اَمْوَاتٌ غَيْرُ اَحْيَآءٍ ۚ وَمَا يَشْعُرُوْنَ اَيَّانَ يُبْعَثُوْنَ ○

की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

परोक्ष की ख़बर ख़ालिक़ होने के बग़ैर हासिल नहीं हो सकता। जो ख़ालिक़ है वही अपनी मख़लूक़ के अंदर की ताक़तों और उसके कार्यों से आगाह हो सकता है दूसरा अवगत नहीं हो सकता और अगर वाक़िफ़ हो तो वैसा ही ख़ालिक़ वह भी हो जाए परन्तु जिनको तुम माबूद मानते हो वह तो ख़ालिक़ नहीं बल्कि सबके सब ख़ुद मख़लूक़ हैं।

इस आयत से किस सुंदर रूप में ख़ुदा तआला के अतिरिक्त सब अन्य हस्तियों के परोक्ष की ख़बर जानने के दावा का खंडन किया गया है परन्तु आश्चर्य है कि मुस्लमानों में इस शिक्षा की मौजूदगी में एक वर्ग ऐसा मौजूद है जो यह ख़्याल करता है कि हज़रत-ए-ईसा अलैहिस्सलाम को परोक्ष की ख़बर भी थी और वह परिंदे भी पैदा किया करते थे। हालाँकि अल्लाह तआला उस जगह साफ़ फ़रमाता है कि जिस क़दर वजूदों की अल्लाह तआला के अतिरिक्त पूजा की जाती है उनमें से एक भी किसी चीज़ के पैदा करने पर क़ादिर नहीं और हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम ही के वजूदों में से हैं जिनकी लाखों करोड़ों इन्सान पूजा करते हैं।

ख़ालिक़ होने के अतिरिक्त हिदायत देने वाले वजूद के लिए ज़िंदा होना भी ज़रूरी है ताकि जब कोई ख़राबी हो वे उसकी इस्लाह कर सके। इस दलील से झूठे उपस्यों के हिदायत देने के योग्य होने से इन्कार किया और फ़रमाया कि जिन को तुम पूजते हो सब फ़ौत हो चुके हैं फिर वे हादी किस तरह हो सकते हैं। अगर इस ज़माना में ख़राबी पैदा हो तो वह उसे किस तरह दूर करेंगे। आशचर्य है कि मुस्लमानों में इस इरशाद के ख़िलाफ़ भी अक़ीदा पैदा हो रहा है और एक बड़ी जमाअत हज़रत ईसा को ज़िंदा मान रही है। हालाँकि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि जिस क़दर झूठे माबूद क़ुरआन-ए-मजीद के ज़माना में थे वे सब फ़ौत हो चुके थे। अतः चूँकि ईसाई हज़रत ईसा को माबूद मानते थे इस इलाही शहादत के अधीन वे क़ुरआन-ए-करीम के नुज़ूल से पहले फ़ौत हो चुके थे और अगर उन्हें ज़िंदा स्वीकार किया जाए तो मानना पड़ेगा कि वह नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) झूठे माबूदों में से नहीं थे बल्कि वास्तव में ख़ुदा थे। नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं)। इन दोनों आयात में शिर्क का खंडन भी अत्यधिक ज़बरदस्त प्रमाणों से किया गया है और इसके लिए चार दलायल हैं :

(1) لَا يَخْلُقُوْنَ वे पैदा नहीं करते, शेष पृष्ठ12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

अहमदियत के मर्कज़ क़ादियान दारुल आमान में 126वें जलसा सालाना का सफ़ल और बाबरकत आयोजन

कोविड की महामारी ने दिलों के मेल दूर नहीं किए, अल्लाह तआला की इस वार्निंग से इन्सान कोई सबक़ हासिल नहीं कर रहा, अगर यही तरीक रहा तो बड़े ख़तरनाक परिणाम पैदा होंगे

आज मैं इस्लाम की अमन की शिक्षा के चंद पहलू वर्णन करूँगा अगर उन पर अमल हो तो दुनिया अमन और सलामती का गहवारा बन सकती है

इस्लाम कहता है कि एक दूसरे के मज़हब के संस्थापकों को ग़लत कह कर उस पर आरोप न लगाओ

इस्लाम यह नहीं कहता है कि बाक़ी मज़हब झूठे थे, इस्लाम कहता है कि हर क़ौम में नबी आए, क़ुरआन-ए-करीम की आयत وَاِنۡ مِّنۡ اُمَّۃٍ اِلَّا خَلَا فِیۡہَا نَذِیۡرٌ ○ की रोशनी में एक मुस्लमान हज़रत-ए-ईसा को हज़रत मूसा को या हिंदूओं के अवतारों को इज़्ज़त की निगाह से देखेंगे

इस्लाम कहता है कि हर मज़हब के मानने वाले की इज़्ज़त करो और हर मज़हब के संस्थापक की इज़्ज़त करो

इस्लाम के बारे में एक ग़लत तसव्वुर क़ायम किया गया है कि इस्लाम शिद्दत-पसंद मज़हब है और इबतिदा में ज़बरदस्ती मुस्लमान बनाए गए हालाँकि इस्लाम इसकी नफ़ी करता है

इस्लाम ने इस दुनिया में न मानने की वजह से किसी को सज़ा नहीं दी,अगर आज भी मुस्लमानों के अमल इस शिक्षा के अनुसार हो जाएं तो दुनिया की इस्लाम की तरफ़ तवज्जा पैदा हो जाए

इस्लाह मद्द-ए-नज़र होनी चाहिए, देखना चाहिए कि क्या सज़ा देने से इस्लाह होती है या माफ़ करने से, उद्देश्य इस्लाह होनी चाहिए

इस्लाम कहता है कि हर किस्म के लेन-देन में दूसरे के हुक़ूक़ का ख़्याल रखो

इस्लाम कहता है धमंड न करो, लोगों को ज़लील, हक़ीर न समझो, घमंड करके कोई वास्तविक स्थान नहीं मिलता

विनम्रता ही है जो वास्तविक सरदारी देती है, यही सरदारी है जो हमेशा अमन क़ायम करने वाली बन सकती है

जलसे की बरकात को भी शामिल होने वाले साथ लेकर जाने वाले हों, दुनिया में हर जगह इस जलसे के प्रोग्राम को सुनने वाले एक जोश और जज़्बा अपने अंदर पैदा करने वाले हो और अपने इलाक़ों में इस्लाम की पाक शिक्षा की रोशनी में एक इन्क़िलाब पैदा करने वाले बन जाएं

मुस्लिम टेलीविज़न अहमदिया इंटरनैशनल के माध्यम से सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमोमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का जलसे में शामिल होने वालों से बसीरत अफ़रोज़ समापनिय भाषण

कोविड के हालात की वजह से हज़ूर अनवर की मार्गदर्शन और हुकूमती गाइड लाइन के अधीन सीमित पैमाने पर जलसे का आयोजन लेकिन लाईव इस्ट्रियमिंग के माध्यम से जलसा से वसीअ लाभ * लाईव एस्ट्रियमिंग के माध्यम से एक लाख, छः हज़ार, छः सौ छयालीस लोगों ने जलसे की कार्रवाई देखी सुनी * 8 देशों की नुमाइंदगी* नमाज़ तहज्जुद* दर्सुल क़ुरआन और ख़ुदा का ज़िक्र इलाही से परिपूर्ण माहौल * उल्मा किराम के ज्ञान से परिपूर्ण भाषण * 6 मुल्की भाषों में जलसा के प्रोग्रामों का अनुवाद * अहबाब जमाअत की मालूमात में बढ़ोतरी के लिए तर्बीयती उमूर पर मुश्तमिल वृत्तचित्र और मुख़्तलिफ़ मालूमाती नुमाइशों का आयोजन * निकाहों के ऐलानात * प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक मीडीया में जलसे की कवरेज * पुरसुकून और ख़ुशगवार मौसम में जलसे की समस्त कार्रवाई की तकमील*

(भाग प्रथम) रिपोर्ट : मंसूर अहमद मसरूर (मुंतज़िम रिपोर्टिंग)

अलहमदु लिल्लाह कि जलसा सालाना क़ादियान बुस्तान-ए-अहमद के बड़े क्षेत्र में तिथि 24,25,26 दिसंबर 2021 दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार आयोजित हो कर सुख और शांति के साथ समाप्त हुआ। कोविड के मौजूदा हालात के पेश-ए-नज़र हज़ूर अनवर की मार्गदर्शन और आदेशों की रोशनी में क़ादियान आकर जलसा सुनने वालों की हाज़िरी जबकि कि सीमित थी लेकिन लाईव एस्ट्रियमिंग के माध्यम से पूरे भारत के अहमदियों ने इस जलसे से ख़ूब लाभ प्राप्त किया बल्कि बाहर के देशों से भी जलसा सालाना क़ादियान देखा और सुना गया। इस तरह अल्लाह तआला ने मुश्किल हालात में भी हमारे लिए नए रास्ते तब्लीग़ के मुहय्या कर दिए। दो वर्ष के अन्तराल के बाद हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के विशेष मार्गदर्शन और दुआओं की बदौलत जलसा का आयोजन सम्भव हो सका जिस ने दिसंबर के महीने में क़ादियान दारुल अमान की बस्ती को एक-बार फिर ख़ुशियों और रौनक़ों से भर दिया। और एक बार फिर क़ादियान के रहने वालों ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की आमद और उनके स्वागत की ख़ुशी में अपने अपने घरों और मोहल्लों और गली कूचों की सफ़ाई की और हर एक ने अपने अपने रंग में जलसे की तैयारी की। इजतिमाई वक़ार-ए-अमल के माध्यम से पूरे क़ादियान को साफ़ सुथरा किया गया। जलसे से कुछ दिन पहले ही निज़ामत बिजली और रौशनी की तरफ़ से मोहल्ले की समस्त गलियों और सड़कों को टयूब लाइट्स के माध्यम से रोशन कर दिया गया। बहिश्ती मक़बरा, दारुल मसीह , मस्जिद मुबारक , मस्जिद अक्सा और मिनारतुल मसीह को बिजली के छोटे छोटे रंगीन बल्बों से दुल्हन की तरह सजाया गया। इस तरह मसीह मौऊद-ओ-महदी माहूद अलैहिस्सलाम की यह रुहानी बस्ती अपनी बातिनी जगमगाहट के साथ साथ ज़ाहिरी तौर पर भी जगमगा उठी।

मुआइना कारकुनान (कर्मचारियों का निरीक्षण) और जलसे की व्यवस्था तिथि 21 दिसंबर 2021 दिन मंगल तक़रीबन पौने ग्यारह बजे जलसा गाह बुस्ताने अहमद में प्रतिनिधि हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ माननीय मौलाना मुहम्मद इनाम ग़ौरी साहिब की सदारत में मुआइना कारकुनान की तक़रीब अमल में आई। नुमाइंद्दा हुज़ूर अनवर जूंही बुस्तान-ए-अहमद में तशरीफ़ लाए उनका اَھْلًا وَّسَھْلًا وَّمَرْحَبًا كَ के नारों से स्वागत किया गया। आपने सब से पहले जलसा सालाना के विभागों के बैनर तले खड़े मुंतज़मीन-ओ-नाज़िमीन और सेवकों से मुलाक़ात की बाद आयोजन की कार्रवाई तिलावत क़ुरआन-ए-करीम से शुरू हुई जो प्रिय लुक़्मान अहमद तक़ी ने की और अनुवाद पेश किया। इसके बाद नुमाइंदा हुज़ूर अनवर ने ख़िताब फ़रमाया। आपने फ़रमाया अलहमदु लिल्लाह, दो वर्ष के बाद अल्लाह तआला के फ़ज़्ल-ओ-करम से जलसा सालाना क़ादियान का आयोजन अमल में आ रहा है। जबकि इस जलसा में जस्मानी तौर पर हाज़िरी सीमित होगी

शेष पृष्ठ10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

कभी ऐसा भी होता कि राह गुज़रते हुए कई दूसरे क़ाफ़िले वाले जो कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को उनके अक्सर व्यापारिक यात्राओं की वजह से उन्ही जगहों पर देख चुके थे,

पूछते कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ यह कौन है? तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो कहा देते कि ... هٰذَا الرَّجُلُ يَهْدِيْنِي السَّبِيْلَ यह व्यक्ति मुझे रास्ते की तरफ़ हिदायत देने वाला है

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद सिद्दीक़-ए-अकबर हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो की विशेषताएं और गुण

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसे फ़रमाया। सुराक़ा उस वक़्त तेरा क्या हाल होगा जब तेरे हाथों में किसरा के कंगन होंगे? सुराक़ा ने हैरान हो कर पूछा। किसरा बिन हुरमज़ शहनशाह-ए-ईरान?

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हाँ। सुराक़ा की आँखें खुली की खुली रह गईं। कहाँ अरब के रेगिस्तान का एक बदवी और कहाँ किसरा शहनशाह-ए-ईरान के कंगन। परन्तु ख़ुदा का तमाशा देखो कि

जब हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना में ईरान फ़तह हुआ और किसरा का ख़ज़ाना प्राप्त धन में मुस्लमानों के हाथ आया तो किसरा के कंगन भी उस के धन के साथ मदीना में आए।

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सुराक़ा को बुलाया जो फ़तह मक्का के बाद मुस्लमान हो चुका था और अपने सामने उसके हाथों में किसरा के कंगन जो बेशक़ीमत जवाहरात से लदे हुए थे पहनाए

आठ दिन सफ़र करते हुए ख़ुदाई नुसरतों के साथ अंतत सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मदीना के रास्ते क़ुबा पहुंच गए, हदीस में है कि सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जन्म हुआ

सोमवार के दिन मक्का से निकले और सोमवार के दिन मदीना पहुंचे और सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वफ़ात हुई

जब सुबह हुई तो बुरयदा ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! मदीना में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का दाख़िला एक झंडे के साथ होना चाहिए,

फिर उसने अपना इमामा सिर से उतारा और उसे अपने नेज़े पर बांध दिया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के आगे आगे चलने लगा यहां तक कि मुस्लमान मदीना में दाख़िल हो गए

दुआ करें बाक़ी कैदियों के बारे में भी अल्लाह तआला उनकी रिहाई के सामान पैदा फ़रमाए

श्रीमान चौधरी असग़र अली कलार साहिब मरहूम ख़ुदा के मार्ग में कैद, श्रीमान मिर्ज़ा मुमताज़ अहमद साहिब कारकुन वकालत उल्या रब्वाह और श्रीमान कर्नल रिटायर्ड डाक्टर अब्दुल ख़ालिक़ साहिब साबिक़ ऐडमिनिस्ट्रेटर फ़ज़ल-ए-उमर हस्पताल का वर्णन और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 जनवरी 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले से पहले ख़ुतबा में हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन हो रहा था । इस में सुराक़ा का यह वर्णन हुआ था कि वह भी इनाम के लालच में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पकड़ने की नीयत से निकला था लेकिन जब अल्लाह तआला की तक़दीर ने इसके आगे रोकें खड़ी कर दें तो उसने उस वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से निवेदन किया कि जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हुकूमत हो तो मुझे अमान दी जाए और एक तहरीर लिखवाई। उस ज़िमन में कुछ रिवायात हैं। एक रिवायत के अनुसार उस के वापस लौटते हुए नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे सम्बोधित करते हुए फ़रमाया सुराक़ा! तेरा क्या हाल होगा जब किसरा के कंगन तेरे हाथ में होंगे। सुराक़ा आश्चर्यचकित हो कर पल्टा और कहा कि किसरा बिन हुर्मुज़?

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हाँ वही किसरा बिन हुरमज़। इसलिए जब हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना ख़िलाफ़त में किसरा के कंगन और उसका ताज और इस का कमर बंद लाया गया तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सुराक़ा को बुलाया फ़रमाया : अपने हाथ बुलंद करो और उन्हें कंगन पहनाए और फ़रमाया कि कहो समस्त प्रशंसा अल्लाह तआला के लिए हैं जिसने किसरा बिन हुर्मुज़ से ये दोनों छीन कर अता कीं।

(محمد رسول اللہ والذین معہ لعبد الحمید جودۃ السحار, भाग 3 पृष्ठ 65 अल् हिजरत, प्रकाशन मिस्र)

यह भी वर्णन मिलता है कि हिजरत की यात्रा के वक़्त नहीं बल्कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हुनैन और ताइफ से वापस तशरीफ़ ला रहे थे तो सुराक़ा बिन मालिक ने जेराना के स्थान पर इस्लाम क़बूल किया। और जेराना मक्का और तायफ के रास्ते पर मक्का के क़रीब एक कुँवें का नाम है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सुराक़ा से फ़रमाया तुम्हारा उस वक़्त क्या हाल होगा जब तुम किसरा के कंगन पहनोगे।

(बुख़ारी बा शराह अल् किरमानी, भाग 14 पृष्ठ 178 किताब بدء الخلق باب علامات النبوۃ فی الاسلام,,दारुल अहया तुर्रास अल् अरबी बेरुत)(फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 88 ज़वार एकेडेमी कराची 2003 ई.)

इस बारे में सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस तरह लिखा है कि "अभी आप थोड़ी ही दूर गए थे कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने देखा कि एक व्यक्ति घोड़ा दौड़ाए उनके पीछे आ रहा है। इस पर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने घबरा

कर कहा। हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! कोई व्यक्ति हमारा पीछा कर रहा है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया। कोई फ़िक्र न करो, अल्लाह हमारे साथ है। यह पीछा करने वाला सुराक़ा बिन मालिक था जो अपने पीछा करने का क़िस्सा ख़ुद अपने शब्दों में इस प्रकार वर्णन करता है कि जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का से निकल गए तो कुफ़्फ़ार-ए-क़ुरैश ने यह ऐलान किया कि जो कोई भी मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) या अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को ज़िंदा या मुर्दा पकड़ कर लाएगा उसे इस इस क़दर इनाम दिया जाएगा और इस ऐलान की उन्होंने अपने पैग़ाम देने वालों के माध्यम से हमें भी इत्तिला दी।" यह सुराक़ा कहता है। "इसके बाद एक दिन मैं अपनी क़ौम बनू मुद्लिज की एक मज्लिस में बैठा हुआ था कि क़ुरैश के इन आदमियों में से एक व्यक्ति हमारे पास आया और मुझे सम्बोधित करके कहने लगा कि मैं ने अभी अभी समुंद्र के किनारे की सिम्त में दूर से कुछ शक्लें देखी हैं। मैं समझता हूँ कि शायद वे मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) और उसके साथी होंगे। सुराक़ा कहता है कि मैं फ़ौरन समझ गया कि ज़रूर वही होंगे।

फिर हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने वही तफ़सील वर्णन की है जो सुराक़ा के पीछा के वक़्त और ज्योतिष की भविष्यवाणी उस के ख़िलाफ़ निकलने और उसके घोड़े के धँसने के बारे में वर्णन हो चुकी है। बहरहाल सुराक़ा कहता है "...... उस पूर्व की वजह से जो मेरे साथ गुज़री थी मैंने ये समझा कि इस व्यक्ति का सितारा बुलंदी पर है और यह कि अंतत आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ग़ालिब रहेंगे। इसलिए मैंने सुलह के रंग में उनसे कहा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की क़ौम ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को क़तल करने या पकड़ लाने के लिए इस इस क़दर इनाम निर्धारित कर रखा है और लोग आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सम्बन्ध में ये ये इरादा रखते हैं और मैं भी इसी इरादे से आया था परन्तु अब मैं वापस हूँ।'' और फिर सुराक़ा की जो बाक़ी तफ़सील वर्णन हुई है। इसके बाद सुराक़ा के कंगन पहनने की भविष्यवाणी का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु इस तरह लिखते हैं कि "जब सुराक़ा वापस लौटने लगा तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसे फ़रमाया। सुराक़ा उस वक़्त तेरा क्या हाल होगा जब तेरे हाथों में किसरा के कंगन होंगे? सुराक़ा ने हैरान हो कर पूछा : किसरा बिन हुर्मुज़ शहनशाह-ए-ईरान? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हाँ। सुराक़ा की आँखें खुली की खुली रह गईं। कहाँ अरब के सहरा का एक बदवी और कहाँ किसरा शहनशाह-ए-ईरान के कंगन। परन्तु क़ुदरत-ए-हक़ का तमाशा देखो कि जब हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने में ईरान फ़तह हुआ और किसरा का ख़ज़ाना ग़नीमत में मुस्लमानों के हाथ आया तो किसरा के कंगन भी ग़नीमत के माल के साथ मदीना में आए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सुराक़ा को बुलाया जो फ़तह मक्का के बाद मुस्लमान हो चुका था और अपने सामने उसके हाथों में किसरा के कंगन जो बेशक़ीमत जवाहरात से लदे हुए पहनाए।'' (सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 240 से 242)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो इस वाक़िया का वर्णन करते हुए यूं फ़रमाते हैं कि "उन्होंने'' अर्थात मक्का वालों ने "ऐलान कर दिया कि जो कोई मुहम्मद (रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) या अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को ज़िंदा या मुर्दा वापस ले आएगा उसको सौ ऊंटनी इनाम दिया जाएगा और इस ऐलान की ख़बर मक्का के इर्द गिर्द के क़बायल को भिजवा दी गई। इसलिए" इस वक़्त "सुराक़ा बिन मालिक एक बदवी रईस इस इनाम के लालच में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पीछे रवाना हुआ। तलाश करते करते उसने मदीना की सड़क पर आप को जालिया। जब उसने दो ऊंटनियों और उनके सवारों को देखा और समझ लिया कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और उनके साथी हैं तो उसने अपना घोड़ा उनके पीछे दौड़ा दिया।"

फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने वह सारा वाक़िया वर्णन किया है जो सुराक़ा के घोड़े का ठोकर खा कर गिरने का और ज्योतिष की भविष्यवाणी करने का था। फिर आप कहते हैं। सुराक़ा कहता है कि "रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वक़ार के साथ अपनी ऊंटनी पर सवार चले जा रहे थे। उन्होंने मुड़ कर मुझे नहीं देखा लेकिन अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो (इस डर से कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कोई हानी पहुंचे) बार-बार मुँह फेर कर मुझे देखते थे।"

इस पीछा करने के वाक़िया की तफ़सील वर्णन करने के बाद हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु लखते हैं कि "जब सुराक़ा लौटने लगा तो साथ ही अल्लाह तआला ने सुराक़ा के भविष्य के हालात आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर प्रकट फ़र्मा दिए और उनके अनुसार आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसे फ़रमाया सुराक़ा! उस वक़्त तेरा क्या हाल होगा जब तेरे हाथों में किसरा के कंगन होंगे। सुराक़ा ने हैरान हो कर पूछा किसरा बिन हुरमज़ शहनशाह-ए-ईरान के कंगन? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हाँ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की यह भविष्यवाणी कोई सोला सतरह वर्षों के बाद जा कर शब्द शब्द पूरी हुई। सुराक़ा मुस्लमान हो कर मदीना आ गया। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात के बाद पहले हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ख़लीफ़ा हुए। इस्लाम की बढ़ती हुई शान को देखकर ईरानियों ने मुस्लमानों पर हमले शुरू कर दिए और बजाय इस्लाम को कुचलने के ख़ुद इस्लाम के मुक़ाबला में कुचले गए। किसरा का दारुल इमारत इस्लामी फ़ौजों के घोड़ों की टापों से कुचला गया और ईरान के खज़ाने मुस्लमानों के क़बज़ा में आए। जो माल इस ईरानी हुकूमत का इस्लामी फ़ौजों के क़बज़ा में आया इस में वे कड़े भी थे जो किसरा ईरानी दस्तूर के अनुसार तख़्त पर बैठते वक़्त पहना करता था। सुराक़ा मुस्लमान होने के बाद अपने इस वाक़िया को जो रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिज्रत के वक़्त उसे पेश आया मुस्लमानों को अत्यधिक फ़ख़र के साथ सुनाया करता था और मुस्लमान इस बात से आगाह थे कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे सम्बोधित करके फ़रमाया था सुराक़ा! उस वक़्त तेरा क्या हाल होगा जब तेरे हाथ में किसरा के कंगन होंगे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के सामने जब विजय के बाद का धन ला कर रखे गए और उनमें उन्होंने किसरा के कंगन देखे तो सब नक़्शा आपकी आँखों के सामने फिर गया। वह कमज़ोरी और ज़ोफ़ का वक़्त जब ख़ुदा के रसूल को अपना वतन छोड़ कर मदीना आना पड़ा था। वह सुराक़ा और दूसरे आदमियों का आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पीछे इस लिए घोड़े दौड़ाना कि आप को मार कर या ज़िंदा किसी सूरत में भी मक्का वालों तक पहुंचा दें तो वह सौ ऊंटों के मालिक हो जाऐंगे और उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का सुराक़ा से कहना। सुराक़ा उस वक़्त तेरा क्या हाल होगा जब तेरे हाथों में किसरा के कंगन होंगे। कितनी बड़ी भविष्यवाणी थी। कितनी स्पष्ट भविष्यवाणी थी। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने सामने किसरा के कंगन देखे तो ख़ुदा की क़ुदरत उनकी आँखों के सामने फिर गई। उन्होंने कहा सुराक़ा को बुलाओ। सुराक़ा बुलाए गए तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन्हें हुक्म दिया कि वह किसरा के कंगन अपने हाथों में पहनें। सुराक़ा ने कहा हे ख़ुदा के रसूल ख़लीफ़ा! सोना पहनना तो मुस्लमानों के लिए मना है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया हाँ मना है परन्तु इन अवसरों के लिए नहीं। अल्लाह तआला ने मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तुम्हारे हाथ में सोने के कंगन दिखाए थे या तो तुम ये कंगन पहनोगे या मैं तुम्हें सज़ा दूँगा। सुराक़ा का एतराज़ तो केवल शरीयत के मसला की वजह से था अन्यथा वह ख़ुद भी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी को पूरा होते देखने का ख़ाहिशमंद था। सुराक़ा ने वे कंगन अपने हाथ में पहन लिए और मुस्लमानों ने इस अज़ीमुश्शान भविष्यवाणी को पूरा होते हुए अपनी आँखों से देखा।"

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम, भाग 20 पृष्ठ 224 से 226)

फिर वर्णन आता है कि वापसी पर एक क़ाफ़िले ने जो क़ुरैश ने ही आपकी तलाश में भेजा था सुराक़ा से आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के क़ाफ़िले के सम्बन्ध में पूछा लेकिन सुराक़ा ने न सिर्फ यह कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़ाफ़िले के बारे में कुछ नहीं बताया बल्कि इस तरह की बात चीत की कि पीछा करने वाले वापस लौट गए। (उद्धरित सब्बलुलहुदा वल रिशाद, भाग 3 पृष्ठ 249 جماع ابواب الهجرة الى المدينة... दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरुत 1993 ई.)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 103 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

इस हिजरत की यात्रा में उम्मे माबद का एक वाक़िया है जिसका वर्णन मिलता है। हिज्रत के इस सफ़र के दौरान एक ख़ेमे के पास से गुज़रते हुए ज़ाद-ए-राह की तलब में नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह क़ाफ़िला रुका। यह उम्मे माबद का ख़ेमा था। उम्मे माबद का नाम आतिका पुत्री ख़ालिद था। उनका सम्बन्ध ख़ुज़ाह की शाख़ बनू काब से था। यह हज़रत हुबेश बिन ख़ालिद की बहन थीं जिन्हें सहाबी होने और रिवायत करने का सौभाग्य हासिल हुआ। उम्मे माबद के पति का नाम अबू माबद था। कहा जाता है कि उन्होंने भी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से रिवायत की है। उन्होंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी में वफ़ात पाई। अबू माबद का नाम मालूम नहीं। उम्मे माबद का ख़ेमा क़ुदेद स्थान पर था। क़ुदेद मक्का के क़रीब एक क़स्बा का नाम है जो राबे से कुछ मील की दूरी पर दक्षिण में वाक़्य था। यहीं पर मशहूर बुत मनात बना था। अहल-ए-मदीना उसकी उपासना किया करते थे। (अलरोज़ अल् निस्फ़, भाग 2, पृष्ठ 325 نسب اُمّ مَعْبَد و زوجھا,,मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)(फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 232)

उम्मे माबद एक बहादुर और मज़बूत महिला थीं। वह अपने ख़ेमे के सेहन में बैठी रहतीं और वहां से गुज़रने वालों को खिलाते पिलातें। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और आपके साथियों ने इस से गोश्त और ख़जूरों के सम्बन्ध में पूछा ताकि यह इस से ख़रीद सकें लेकिन इस के पास उनमें से कोई चीज़ नहीं थी। उस वक़्त उम्मे माबद की क़ौम ज़रूरतमंद और सूखे से गुज़र रही थी। उम्मे माबद ने कहा अगर हमारे पास कुछ होता तो हम तुम लोगों से उसे दूर नहीं रखते। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ेमे के एक कोने में बकरी नज़र आई तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा हे माबद! यह बकरी कैसी है? उसने अर्ज़ किया कि यह एक ऐसी बकरी है कि जिसे कमज़ोरी ने रेवड़ से पीछे रखा हुआ है। अर्थात इस में इतनी ताक़त भी नहीं है कि रेवड़ के साथ बाहर चरने जा सके। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : क्या उस में दूध है? उसने कहा यह इस से कहीं ज़्यादा कमज़ोर है। यह तो मुम्किन ही नहीं कि इस में दूध हो। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा क्या तुम मुझे इजाज़त देती हो कि मैं इस का दूध निकाल लूं? उसने कहा कि अगर आप को इस में दूध दिखाई दे रहा है तो ज़रूर निकाल लें मुझे कोई एतराज़ नहीं। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वह बकरी मँगवाई और इस के थन पर हाथ फेरा और अल्लाह का नाम लिया और उम्मे माबद उस की बकरी में बरकत की दुआ की। बकरी आपके सामने आराम से खड़ी हो गई और उसने ख़ूब दूध उतारा और जुगाली शुरू कर दी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनसे एक बर्तन मंगवाया जो एक जमाअत का पेट भर सकता था। इस में इतना दूध दोहा कि झाग उस के ऊपर तक आ गई। फिर उम्मे माबद पिलाया यहां तक कि वह सैर हो गईं। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने साथियों को पिलाया यहां तक कि वे भी सैर हो गए। इन सब के आख़िर में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ख़ुद नोश किया फ़रमाया : क़ौम को पिलाने वाला आख़िर में पीता है। फिर कुछ वक़्फ़ा के बाद आपने इस बर्तन में दुबारा दूध दोहा यहां तक कि वह भर गया और उसे उम्मे माबद के पास छोड़ दिया। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने वह बिक्री ख़रीदी और सफ़र के लिए निकल पड़े।

(सब्लुल हुदा वर्रिशाद भाग 3 पृष्ठ 244-245 فی ھجرۃ رسول اللہ ﷺ... दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993)

लिखा है कि एक तरफ़ नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के जांनिसार सफ़र के साथी हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ुदाई ताईद-ओ-नुसरत के साथ मानो मुहाफ़िज़ फ़रिश्तों के गिरोह में सफ़र पर थे और दूसरी तरफ़ अहल मक्का ने मानो अभी तक हार नहीं मानी थी।

वह भी मुसलसल आपके पीछा करने में थे। इसलिए क़ुरैश की तरफ़ से पीछा करने वाली एक पार्टी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तलाश करते करते उम्मे माबद के ख़ेमे तक भी आ पहुंची और ये लोग अपनी सवारियों से उतरते ही रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में पूछने लगे। उम्मे माबद जो थीं वह कुछ भाँप गईं और कहने लगीं कि तुम ऐसी बात पूछ रहे हो कि मैं ने तो कभी नहीं सुनी और न ही मुझे समझ आ रही है कि तुम लोग क्या चाहते हो और जब उन लोगों ने अपने प्रश्न में कुछ सख़्ती करना चाही तो इस बहादुर महिला ने कहा देखो! अगर तुम अभी मुझ से दूर न हुए तो मैं अपने क़बीले वालों को आवाज़ देकर बुला लूँगी। वह इस महिला के स्थान और मर्तबा को जानते थे। इस लिए आफ़ियत इसी में जानी कि वापस लौट जाएं।

(محمد رسول اللہ والذین معہ...لعبد الحمید جودۃ السحار, भाग 3 पृष्ठ 67 अल् हिजरत, प्रकाशन मिस्र)

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अभी रास्ते में थे कि उन्हें हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु मिले जो मुस्लमानों के एक क़ाफ़िले के साथ शाम से व्यापार करके वापस आ रहे थे। हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु को सफ़ैद कपड़े पहनाए।

(सही अल् बुख़ारी किताब अल् मनाकिब, باب ھجرۃ النبی ﷺ و اصحابہ الی المدینۃ ,हदीस 3906)

इस मुलाक़ात का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस प्रकार लिखा है कि "रास्ते में ज़ुबैर बिन अल् अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु से मुलाक़ात हो गई जो शाम से व्यापार करके मुस्लमानों के एक छोटे से क़ाफ़िले के साथ मक्का को वापस जा रहे थे। ज़ुबैर ने एक जोड़ा सफ़ैद कपड़ों का आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को और एक हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की नज़र किया और कहा मैं भी मक्का से हो कर बहुत जल्द आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से मदीना में आ मिलूँगा।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम,पृष्ठ 242)

फिर बुख़ारी की एक रिवायत है। कभी ऐसा भी होता कि राह गुज़रते हुए कई दूसरे क़ाफ़िले वाले जो कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को उनके अक्सर व्यापारिक यात्राओं की वजह से उन्ही जगहों पर देख चुके थे पूछते कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ यह कौन है? तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो कह देते कि यह मुझे रास्ता दिखाने वाले हैं। هٰذَا الرَّجُلُ يَهْدِيْنِي السَّبِيْلَ यह व्यक्ति मुझे रास्ते की तरफ़ हिदायत देने वाला है। लोग समझते यह गाईड हैं और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की मुराद हिदायत के मार्ग से होती।

(सही बुख़ारी, किताब मनाक़िब अल् अंसार,باب ھجرۃ النبی ﷺ و اصحابہ الی المدینۃ, हदीस नंबर 3911)

इस बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस तरह लिखा है कि "चूँकि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो व्यापारी होने के कारण से इस रास्ता से बार बार आते-जाते रहते थे इस लिए अक्सर लोग उनको पहचानते थे परन्तु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को नहीं पहचानते थे। इस लिए वे अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो से पूछते थे कि यह तुम्हारे आगे आगे कौन है। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते। هٰذَا الرَّجُلُ يَهْدِيْنِي السَّبِيْلَ। यह मेरा हादी है। वे समझते थे कि शायद यह कोई दलील अर्थात गाईड है जो रास्ता दिखाने के लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने साथ ले लिया है। परन्तु हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो का अर्थ कुछ और था।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 242)

मंज़िल-ए-मक़सूद तक पहुंचने के बारे में लिखा है कि आठ दिन सफ़र करते हुए ख़ुदाई नुसरतों के साथ अंतत सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मदीना के रास्ते क़ुबा पहुंच गए। हदीस में है कि सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जन्म हुआ। सोमवार के दिन मक्का से निकले और सोमवार के दिन मदीना पहुंचे और सोमवार के दिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वफ़ात हुई। (सब्लुल हुदा वर्रिशाद, भाग 3 पृष्ठ 253 جماع ابواب الھجرۃ الی المدینۃ... दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.) (उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 243)

क़ुबा एक कुँवें का नाम था जिसकी निसबत से बस्ती का नाम भी क़ुबा मशहूर हो गया जहां अंसार के क़बीला बनू अम्र बिन औफ़ के लोग आबाद थे। ये बस्ती मदीना से दो मील की दूरी पर थी।(معجم البلدان لشھاب الدین یاقوت الحموی भाग 4 पृष्ठ

हदीस नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न होतो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पहलु के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

377 शब्द क़ुबा के अंतर्गत मुद्रित अल् अस्रिया बेरूत 2014 ई.)
कुछ के नज़दीक क़ुबा का फ़ासिला मदीना से तीन मील था। इस को आलीया भी कहते हैं। (फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 230)

मदीना में मुस्लमानों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मक्का से रवानगी का सुन लिया था। वे हर सुबह हर्रा तक जाया करते थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का इंतिज़ार करते। मदीना दो हर्रों के मध्य है। हर्रा काली पथरीली ज़मीन को कहते हैं। मदीना की पूर्व की जानिब हर्रा वाकिम है जिसको हर्रा बनू क़ुरेज़ा भी कहते हैं और दूसरा हर्रतुल वबूरा है जो मदीना के पश्चिम में तीन मील की दूरी पर स्थित है। यहां तक कि दोपहर की गर्मी उन्हें लौटा देती। सुबह जाते, इंतिज़ार करते और दोपहर को वापस आ जाते। एक दिन मदीना वाले वे लोग काफ़ी देर इंतिज़ार के बाद लौटे। फिर जब वे अपने घरों में पहुंचे तो एक यहूदी व्यक्ति अपने क़िलों में से एक क़िला पर किसी काम के लिए चढ़ाता कि वह उस को देखे तो उसने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथियों को देख लिया जो सफ़ेद कपड़े पहने हुए थे। मृगतृष्णा उनसे हट रहा था। यहूदी अपने आप पर क़ाबू नहीं रख सका और उसने अपनी बुलंद आवाज़ से कहा। हे अरब के लोगो! यह तुम्हारे वह सरदार हैं जिनका तुम इंतिज़ार कर रहे हो तो मुस्लमान हथियारों की तरफ़ लपके और हर्रा के मैदान में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जा मिले। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उन समेत दाहिनी तरफ़ मुड़े यहां तक कि आप बनू अम्र बिन औफ़ के मुहल्ले में उनके साथ उतरे और यह सोमवार का दिन था और रबी उल अव्वल का महीना। हज़रत अबू बकर लोगों के लिए खड़े हुए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ामोश तशरीफ़ फ़र्मा थे और अंसार में से वे लोग जिन्हों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को नहीं देखा था, आए और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को सलाम करने लगे। यहां तक कि धूप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर पड़ने लगी। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो आगे बढ़े और उन्होंने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर अपनी चादर से साया किया। उस वक़्त लोगों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पहचान लिया और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बनू अम्र बिन औफ़ के मुहल्ले में दस से अधिक रातें या बुख़ारी की एक रिवायत के अनुसार चौदह रातें ठहरे और उस मस्जिद की बुनियाद रखी जिसकी बुनियाद तक़्वा पर रखी गई और इस में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नमाज़ पढ़ी। (सही बुख़ारी, किताब मनाक़िब अल् अंसार, باب هجرة النبیﷺ و اصحابه الی المدینة, हदीस नंबर 3906)(सही बुख़ारी, किताब अस्सलात, हदीस नंबर 428) (फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 101-102)

बुख़ारी की इस रिवायत के अनुसार रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दस से ज़ायद रातें क़ुबा में क़ियाम फ़रमाया।

एक रिवायत के अनुसार रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बनू अम्र बिन औफ़ अर्थात क़ुबा में सोमवार, मंगल, बुध और जुमेरात, चार दिन क़ियाम फ़रमाया और जुमा को मदीना की तरफ़ निकले। एक और रिवायत में वर्णन है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बाईस रातें क़ियाम फ़रमाया।
(सीरतुल अल् हल्बिया, भाग 2 पृष्ठ 75 बाब عرض رسول اللهﷺ نفسه...दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की क़ुबा में आमद का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "सुराक़ा को रुख़्सत करने के बाद चंद मंज़िलें तै करके रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना पहुंच गए। मदीना के लोग बेसबरी से आपका इंतिज़ार कर रहे थे और इस से ज़्यादा उनकी ख़ुशक़िस्मती और क्या हो सकती थी कि वह सूरज जो मक्का के लिए निकला था मदीना के लोगों पर जा तलूअ हुआ। जब उन्हें यह ख़बर पहुंची कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का से ग़ायब हैं।" अर्थात मदीना वालों को "तो वे उसी दिन से आपका इंतिज़ार कर रहे थे। उनके वफ़्द रोज़ाना मदीना से बाहर कई मील तक आपकी तलाश के लिए निकलते थे और शाम को मायूस हो कर वापस आ जाते थे। जब आप मदीना के पास पहुंचे तो आपने फ़ैसला किया कि पहले आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम क़ुबा में जो मदीना के पास एक गांव था ठहरें। एक यहूदी ने आपकी ऊंटनियों को आते देखा तो समझ गया कि यह क़ाफ़िला मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का है। वह एक टीले पर चढ़ गया और उसने आवाज़ दी। हे केला की औलाद (केला मदीना वालों की एक दादी थी)" अतः केला की औलाद के नाम से भी वहां के लोगों को पुकारा जाता था।'' तुम जिसके इंतिज़ार में थे आ गया है। इस आवाज़ के पहुंचते ही मदीना का हर व्यक्ति क़ुबा की तरफ़ दौड़ पड़ा। क़ुबा के बाशिंदे इस ख़्याल से कि ख़ुदा का नबी उनमें ठहरने के लिए आया है ख़ुशी से फूले नहीं समाते थे। इस अवसर पर एक ऐसी बात हुई जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सादगी के कमाल पर दलालत करती थी। मदीना के अक्सर लोग आपकी शक्ल से वाक़िफ़ नहीं थे। जब क़ुबा से बाहर आप एक दरख़्त के नीचे बैठे हुए थे और लोग भागते हुए मदीना से आपकी तरफ़ आ रहे थे तो चूँकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बहुत ज़्यादा सादगी से बैठे हुए थे उनमें से नावाक़िफ़ लोग हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को देखकर जो उमर में जबकि छोटे थे परन्तु उनकी दाढ़ी में कुछ सफ़ेद बाल आए हुए थे और इसी तरह उनका लिबास रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से कुछ बेहतर था, यही समझते थे कि अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हैं और बड़े अदब से आपकी तरफ़ मुँह करके बैठ जाते थे। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने जब यह बात देखी तो समझ लिया कि लोगों को ग़लती लग रही है। वह झट चादर फैला कर सूरज के सामने खड़े हो गए और कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! आप पर धूप पड़ रही है मैं आप पर साया करता हूँ और इस लतीफ़ तरीक़ से उन्होंने लोगों पर उनकी ग़लती को ज़ाहिर कर दी।" (दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम, भाग 20 पृष्ठ 226-227)

इस वाक़िया की तफ़सील वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु बुख़ारी का एक हवाला दर्ज फ़रमाते हुए कहते हैं कि "बुख़ारी में बरा बिन आज़िब की रिवायत है कि जो ख़ुशी अंसार को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मदीना तशरीफ़ लाने के वक़्त पहुंची थी वैसी ख़ुशी की हालत में मैं ने उन्हें कभी किसी और अवसर पर नहीं देखा।

तिरमिज़ी और इब्ने माजा ने अंस बिन मालिक से रिवायत की है कि जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए तो हमने यूं महसूस किया कि हमारे लिए मदीना रोशन हो गया और जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़ौत हुए तो उस दिन से ज़्यादा तारीक हमें मदीना का शहर कभी नज़र नहीं आया।

स्वागत करने वालों की मुलाक़ात के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम किसी ख़्याल के अधीन जिसका वर्णन तारीख़ में नहीं आया सीधे शहर के अंदर दाख़िल नहीं हुए बल्कि दाएं तरफ़ हट कर मदीना की बालाई आबादी में जो असल शहर से दो अढ़ाई मील की दूरी पर थी और जिस का नाम क़ुबा था तशरीफ़ ले गए। उस जगह अंसार के कुछ ख़ानदान आबाद थे जिनमें ज़्यादा मुमताज़ अम्र बिन औफ़ का ख़ानदान था और इस ज़माना में इस ख़ानदान के रईस कुलसूम बिन अलहिद थे। क़ुबा के अंसार ने आपका अत्यधिक गर्मजोशी से स्वागत किया और आप कुलसूम बिन अलहिदम के मकान पर रुक गए। वे मुहाजिरीन जो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से पहले मदीना पहुंच गए हुए थे वे भी उस वक़्त तक ज़्यादा तर क़ुबा में कुलसूम बिन अलहिद और दूसरे सम्मानित अंसार के पास रुके थे और शायद यही वजह थी कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सबसे पहले क़ुबा में क़ियाम करना पसंद फ़रमाया। एक क्षण में सारे मदीना में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आमद की ख़बर फैल गई और समस्त मुस्लमान जोश-ए-मुसर्रत में बेताब हो कर भीड़ की भीड़ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की रहने के स्थान पर जमा होने शुरू गए।" (सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अज़ हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु एम.ए, पृष्ठ 264-265)

मस्जिद क़ुबा की तामीर के बारे में आता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ुबा में क़ियाम के दौरान एक मस्जिद की बुनियाद भी रखी जिसे मस्जिद क़ुबा कहा जाता है। सही बुख़ारी में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बनू अम्र बिन औफ़ के मुहल्ले में दस से ज़ायद रातें ठहरे और इस मस्जिद की

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस
ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उसके रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।
(ख़ुत्बा जुम्अः 24 मई 2019 ई)
तालिबे दुआ
मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

बुनियाद रखी जिसकी बुनियाद तक़्वा पर रखी गई और इस में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नमाज़ पढ़ी।
(बुख़ारी, किताब मनाक़िब अल् अंसार, هجرة النبی ﷺ و اصحابه الی المدینة हदीस नंबर 3906)
रिवायत में वर्णन है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बनू अम्र बिन औफ़ के लिए मस्जिद की बुनियाद रखी। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस की बुनियाद रखी तो सबसे पहले आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने क़िबले की सिम्त एक पत्थर रखा। फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक पत्थर ला कर रखा। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो एक पत्थर लेकर आए और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के पत्थर के साथ रख दिया। फिर समस्त लोग तामीर में व्यस्त हो गए। जब मस्जिद क़ुबा की तामीर हो रही थी तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक पत्थर लाते जिसे आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने पेट के साथ लगाया हुआ होता। बड़ा भारी पत्थर होता। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उस पत्थर को रखते। कोई व्यक्ति आता और चाहता कि उस पत्थर को उठाए परन्तु वह उठा नहीं सकता। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उसे हुक्म देते कि उसे छोड़ दो और कोई और पत्थर ले आओ।
(अल् रोज़ा निस्फ़, भाग2 पृष्ठ 332 तासीस मस्जिद क़ुबा, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)
मस्जिद क़ुबा के सम्बन्ध में आता है कि यही वह मस्जिद है जिसकी बुनियाद तक़्वा पर रखी गई थी परन्तु कुछ रिवायात में मस्जिद नब्वी को वह मस्जिद क़रार दिया गया है जिसकी बुनियाद तक़्वा पर रखी गई थी। सीरत हल्बिया में वर्णन है कि इन दोनों अक़्वाल में कोई इख़्तिलाफ़ नहीं क्योंकि इन दोनों मसाजिद में से हर एक की बुनियाद तक़्वा पर ही रखी गई। इस बात की ताईद हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु से मनक़ूल है। इस रिवायत के अनुसार उनकी राय थी कि मदीना की समस्त मसाजिद जिसमें क़ुबा की मस्जिद भी शामिल है इस की बुनियाद तक़्वा पर ही रखी गई है लेकिन जिसके सम्बन्ध में आयत नाज़िल हुई थी वह मस्जिद क़ुबा ही है।
(अल् सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 75 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.)
दस दिन या चौदह दिन क़ियाम के बाद जुमा के दिन नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़ुबा से मदीना के लिए रवाना हुए। रास्ते में जब बनू सालिम बिन औफ़ की आबादी में पहुंचे तो जुमा का वक़्त हो गया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुस्लमानों के हमराह वादिए रानूना की मस्जिद में नमाज़-ए-जुमा अदा की और उनकी संख्या एक सौ थी। वादई रानूना मदीना के दक्षिण में वाक़्य है। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस मस्जिद में जुमा की नमाज़ अदा की तो उस वक़्त से इस मस्जिद को मस्जिद अल् जुमा कहा जाने लगा। यह पहला जुमा था जो आपने मदीना में पढ़ा था।
(सीरतुल अल् हल्बिया, भाग 2 पृष्ठ 81 बाब अल् हिजरत अल् मदीना, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.)(अल् सीरतुल हल्बिया लेइब्ने हश्शाम, पृष्ठ 349 बाब हिजरत रसूलुल्लाह, दारुल क़ुतुब इल्मिया 2001 ई.)(एटलस सीरत नबविय्या,पृष्ठ 168)
हो सकता है यह मस्जिद बाद में वहां बनाई गई हो। इस जगह जुमा पढ़ने की वजह से उसका नाम रखा गया हो। फिर वर्णन आता है कि नमाज़-ए-जुमा की अदायगी के बाद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी ऊंटनी पर सवार हो कर मदीना की तरफ़ रवाना हुए। उस वक़्त आपने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को पीछे बिठाया हुआ था। (شرح الزرقانی علی المواھب اللدنی, भाग 2 पृष्ठ 157 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1996 ई.)
इनाम के लालच में बहुत से लोगों ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का पीछा करने की कोशिश की।
एक वाक़िया तारीख़ की कुतुब में इस प्रकार वर्णन हुआ है। बुरेदा बिन हुसेब वर्णन करते हैं कि जब क़ुरैश ने उसके लिए सौ ऊंटों का इनाम निर्धारित किया जो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरादा करे अर्थात आपको ज़िंदा या मुर्दा पकड़ के लाए तो मुझे भी लालच ने तैयार किया तो मैं बनू सहम के सत्तर लोगों के साथ सवार हो कर निकला और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को मिला। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा कि तुम कौन हो? मैं ने कहा कि बुरेयदा। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की तरफ़ मुतवज्जा हुए और फ़रमाया अबू बकर! हमारा मामला ठंडा और दरुस्त हो गया। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा तुम किस क़बीला से हो? मैं ने कहा क़बीला असलम से। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया सलामती में रहे। फिर पूछा किस की औलाद से? मैं ने कहा बनू सहम की। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हे अबू बकर तुम्हारा सहम अर्थात तुम्हारा नसीबा निकल आया। फिर बुरेयदा ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम कोन हैं? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाया: मैं मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह, अल्लाह का रसूल हूँ। इस पर बुरेयदा ने कहा कि मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उसके बंदे और रसूल हैं। फिर बुरेयदा ने इस्लाम क़बूल कर लिया और सब लोगों ने भी जो उस के साथ थे। बुरेयदा ने कहा समस्त प्रशंसा अल्लाह तआला के लिए हैं। बनू सहम ने दिल्ली ख़ुशी से बग़ैर किसी जबर के इस्लाम क़बूल किया। जब सुबह हुई तो बुरेयदा ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का दाख़िला एक झंडे के साथ होना चाहिए। फिर उसने अपना इमामा सिर से उतारा और उसे अपने नेज़े पर बांध दिया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के आगे आगे चलने लगा यहां तक कि मुस्लमान मदीना में दाख़िल हो गए। (شرح الزرقانی علی المواھب اللدنی, भाग 2 पृष्ठ 148 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1996 ई.) (सीरतुल अल् हल्बिया, भाग 2, पृष्ठ 71 बाब अल् हिजरत अलल मदीना दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)
